पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कारगिल दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

लखनऊः 26 जुलाई, 2014

उत्तर प्रदेश राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज कारगिल दिवस के अवसर पर सेन्ट्रल कमाण्ड स्थित ''स्मृतिका'' जाकर समस्त शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी तथा पुष्पचक्र अर्पित किया। राज्यपाल ने राष्ट्रगान के बाद स्मृतिका पहुंचकर पुष्पचक्र रखा, सलामी दी तथा कुछ देर उनके सम्मान में मौन धारण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मातृभूमि पर शहीद होने वालों के प्रति सभी देशवासी नतमस्तक होते हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि देश के लिये शहीद होने वालों को श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर मिला।

सेना के जवानों ने भी शहीदों के सम्मान में सलामी दी। इस अवसर पर ले0ज0 राजन बख्शी यू0वाई0एस0एम0 आर्मी कमाण्डर मध्य कमान, मेजर जनरल श्री सुरेश गुप्ता, जी0ओ0सी0 उ0प्र0 सब एरिया सहित अन्य सेना के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बताया कि जब वे केन्द्र में पेट्रोलियम मंत्री थे तो उन्होंने निर्णय लिया था कि कारगिल के शहीद के परिवारों के पुनर्वास के लिये पेट्रोल पम्प व गैस एजेन्सी दी जाये। उन्होने कहा कि उन्हें इस बात का संतोष है कि वे शहीदों के परिवारों के लिये सरकार की तरफ से कुछ मदद कर सकें। उन्होंने बताया कि मदद के तहत रक्षा मंत्रालय की अनुशंसा पर 439 शहीदों के परिजनों को पेट्रोल पम्प और एलपीजी गैस एजेन्सी आवंटित किये गये। खास बात यह है कि पेट्रोल पम्पों के निर्माण पर प्रति पम्प पर 40 लाख रूपये और एलपीजी गैस एजेन्सी के गठन पर 20 लाख रूपये तेल कम्पनियों ने वहन किये।

——————

अंजुम / रा0 / राजभवन—